# K.M. Sugar Mills Ltd.

Factory & Works : P.O. Motinagar-224201, Dist. Ayodhya (U. P.)
Phone : 7571000692, Email : director@kmsugar.com
CIN No.:L15421UP1971PLC003492 GSTIN No.:09AAACK5545P1ZZ

Date: 26th July, 2022

| National Stock Exchange Of India Limited.<br>Exchange Plaza,C-1,Block-G,<br>Bandra Kurla Complex ,Bandra (E),<br>Mumbai-400051<br>Phone No.022-26598100 | Bombay Stock Exchange Limited,<br>27th Floor, Phiroze Jejeebhoy Tower,<br>Dalal Street ,Fort ,Mumbai-400001<br>Phone No.022-22728527<br>Bandra (E),Mumbai-400051 |
|---|---|
| Scrip Code: INE157h01023 | Scrip Code:532673 |

Dear Sirs,

***Ref:- Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015***

***Sub: Notice of the Board Meeting in respect of Un-Audited Standalone and Consolidated Financial Results of the Company for the quarter ended 30th June, 2022.***

We submit herewith copies of the advertisements published in Financial Express and Rastriya Sahara on 26th July, 2022 in terms of Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

This is for your information and records.
Thanking you.

Your's faithfully,

For **K M Sugar Mills Limited**
For K.M. Sugar Mills Ltd.

Pooja Dua
Company Secretary

**Company Secretary-cum- Compliance officer**

प्रधानमंत्री तक यह संदेश जाना चाहिए कि सर्वदलीय बैठक में इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने की सहमति बनी है। वर्तमान सरकार तो राज्य हित में इसे आगे बढ़ा रही है। इसकी शुरूआत भाजपा सरकार में हुई थी। इसलिए राजनीति से परे हमें आगे बढ़ना चाहिए।

———अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री, राजस्थान

## नगर में आज

■ प्रातः 9 बजे : बाल रोग अकादमी द्वारा पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता मरियमपुर हाईस्कूल डबल पुलिया में। ■ प्रातः 11 बजे : वार्ड 51 में पौधरोपण कार्यक्रम, पूर्व विधायक अजय कपूर अतिथि। ■ प्रातः 11.30 बजे : मंडल आयुक्त की अध्यक्षता में संयुक्त आयुक्त उद्योग कार्यालय एचबीटीआई कैम्पस में मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक। ■ प्रातः 11.30 बजे : कलेक्ट्रेट में डीएम द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन संबंधी बैठक। ■ शाम 5 बजे : किला मजदूर यूनियन द्वारा महिला थाना के पास यातायात व्यवस्था संभालने वाले हेड कांस्टेबिल मेराजुद्दीन का सम्मान।

## संक्षिप्त खबरें

### काजीखेड़ा में हुयी युवक की हत्या में तीन गिरफ्तार

**कानपुर।** कल्याणपुर पुलिस ने विगत दिनों काजीखेड़ा में हुयी विशाल की हत्या में फरार चल रहे तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि पकड़े गये अभियुक्तों ने अपना नाम मकड़ीखेड़ा निवासी विकास, विशाल व शैलेन्द्र बताया है। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर आलाकत्ल भी बरामद कर लिया है।

### चंद्रशेखर आजाद पार्क में किया पौधरोपण

**कानपुर।** रामलीला कमेटी के अध्यक्ष शरद सेठ की अगुवाई में सावन के दूसरे सोमवार को आजाद नगर स्थित चंद्रशेखर आजाद पार्क में तीस पौधे लगा कर पौधरोपण का संकल्प लिया गया। इस मौके पर डॉ.राज तिलक ने 55 टी गार्ड उपलब्ध कराये। *(एसएनबी)*

# डीएम ने अलीगढ़ कानपुर मार्ग व नवीन जेल की प्रगति जानी

**कानपुर (एसएनबी)।** जिलाधिकारी विशाख जी ने कानपुर अलीगढ़ एवं नर्वल स्थित जेल के निर्माण कार्य की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जब भूमि का अधिग्रहण हो चुका है तो उसकी डीपीआर बनाकर शासन को भेजी जाये।

**राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य में लापरवाही पर डीएम ने लगाई फटकार**

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि जिस पैच में अधिग्रहण हो चुका है वहां पर अभी तक कार्य प्रारम्भ क्यों नहीं किया गया है। तत्काल कार्य शुरू कराया जाये। कार्य की साप्ताहिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि जहां पर टू लेन या ओवर ब्रिज का निर्माण हो चुका है वह जनता के लिए खोल दिया जाये। जहां डायवर्जन हो वहां पर बोर्ड लगाया जाये।



जिलाधिकारी के साथ बैठक करते अधिकारी। फोटो : एसएनबी

वहीं दूसरी ओर डीएम ने गोल चौराहा से लेकर रामादेवी तक प्रस्तावित एलिवेटेड मार्ग बनाये जाने की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि एलिवेटेड मार्ग के निर्माण के लिए निविदा भी मांगी गयी है। यह योजना भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 की कार्य योजना में शामिल की गयी है।

यह मार्ग 6 लेन का प्रस्तावित है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये कि इस प्रस्ताव को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को भी भेजा जाये।

## हर घर में तिरंगा अभियान में प्रदेश में तीन करोड़ घरों में लगेगा झंडा : भाजपा

**कानपुर।** बूथ सशक्तिकरण अभियान के दौरान जिले की सभी विधानसभाओं और संसदीय क्षेत्र के दृष्टिगत मिले 224 बूथों में 9 बूथों को छोड़कर सभी बूथों पर काम हो चुका है। आगामी मन की बात के लिये शक्ति केन्द्र संयोजक और सहसंयोजक का गठन हो चुका है। मन की बात के कार्यक्रम को बड़े स्तर पर किया जायेगा।

यह बात सोमवार को भाजपा उत्तरी जिला की बैठक में उभर कर आयी है। मुख्य वक्ता के रूप में कानपुर महानगर के प्रभारी विजय बहादुर पाठक उपस्थित रहे। बैठक में आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अंतर्गत अमृत महोत्सव में हर घर तिरंगा अभियान 9 अगस्त (क्रान्ति दिवस) से 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक चलेगा। इस अवसर पर प्रदेश में करीब तीन करोड़ घरों में तिरंगा लगाया जायेगा। प्रदेश के उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर सिंह 26 जुलाई को हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर सांसदों, विधायको और पार्षदों की बैठक करेंगे। बैठक में सुनील बजाज, वीरेश त्रिपाठी, संतोष शुक्ला, प्रमोद त्रिपाठी, सत्येंद्र पाण्डेय, रंजीता पाठक आदि थीं।

# केस्को के सहायक अभियंता ने जहर खाकर आत्महत्या की

■ **सहारा न्यूज ब्यूरो**

**कानपुर।**

कल्याणपुर क्षेत्र में केस्को के एक सहायक अभियंता ने रविवार रात जहर खा लिया। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सोमवार सुबह उपचार के दौरान मौत हो गयी। परिजन आत्महत्या का कारण नहीं बता सके हैं। पुलिस को भी मृतक के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

■ **फूलबाग बिजलीघर में थे तैनात, कल्याणपुर में पत्नी व बेटी संग रहते थे**

■ **मूलरूप से फतेहपुर के कचरौली गांव के रहने वाले थे**

मूलरूप से फतेहपुर जनपद के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कचरौली गांव निवासी बालकृष्ण सिंह (34) विद्युत विभाग में सहायक अभियंता थे और वर्तमान में वह फूलबाग बिजली घर में तैनात थे। वह पत्नी कुमकुम और चार साल की बेटी के साथ कल्याणपुर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर गड़रियनपुरवा में रह रहे थे। बाल कृष्ण के बहनोई महेन्द्र सिंह ने बताया कि रविवार रात को बालकृष्ण ने संदिग्ध हालात में जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उन्होंने पत्नी को जहर खाने की बात बतायी, जिसके बाद पत्नी ने उनके दोस्त दीपांशु पांडे को जानकारी दी। दीपांशु ने विभागीय अधिकारियों को सूचना देने के बाद बाल कृष्ण को हैलट में भर्ती कराया, जहां सोमवार सुबह उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना पर पुलिस ने उनके घर का निरीक्षण किया, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, वहीं परिजनों ने भी आत्महत्या के कारणों के प्रति अनभिज्ञता जतायी है। कल्याणपुर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहर की प्रकृति और मृत्यु का कारण स्पष्ट जानने के लिए बिसरा सुरक्षित रखा गया है, मामले की जांच की जा रही है, परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

## जरूरतमंदों को बांटी निःशुल्क व्हील चेयर

**कानपुर (एसएनबी)।** दर्शनपुरवा स्थित सर्वधर्म चौक में सोमवार को दिव्यांग डेवलपमेंट सोसायटी और सक्षम के माध्यम से 10 नामित दिव्यांगों को व्हीलचेयर रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स द्वारा प्रदान की गई।

**10 नामित दिव्यांगों को मिला लाभ**

द जाओ जिंग जी फाउंडेशन ने रोटरी इंडिया ह्यूमैनिटी फाउंडेशन को व्हीलचेयर इंडिया में जरूरतमंदों को निशुल्क बांटने को दी थीं। इसके तहत रोटरी इंडिया ह्यूमैनिटी फाउंडेशन ने रोटरी डिस्ट्रिक्ट को कुछ व्हील चेयर निशुल्क बांटने के लिए दी गयीं । यह व्हीलचेयर क्लब के निवर्तमान मंडलाध्यक्ष मुकेश सिंघल द्वारा रोटरी क्लब आर्यन्स को प्राप्त हुई थी। इन्हीं व्हीलचेयर को सोमवार को दर्शनपुरवा में बांटा गया। इस दौरान भक्ति विजय शुक्ला ने बताया कि अभी और भी व्हीलचेयर दिव्यांगों को बांटीं जायेंगी। यहां डॉ. भक्ति विजय शुक्ला, मयंक गहोई, केके आनंद, सोनिया आनंद, डॉ. बीएन आचार्य, गोपाल शुक्ला आदि रहे।

# फाल्ट की सूचना कंट्रोल रूम को न देने से रात भर परेशान हुए उपभोक्ता

**कानपुर (एसएनबी)।** शहर में होने वाले फाल्ट की सबस्टेशन से न तो किसी अधिकारी को दी जाती है और न ही कंट्रोल रूम को दी जाती है। यही कारण है कि उपभोक्ताओं को बिजली कटौती की सही जानकारी भी नहीं हो पाती है। इसका उदाहरण रविवार की रात 10 बजे फाल्ट होने की जानकारी कंट्रोल रूम को न देने के कारण हजारों उपभोक्ताओं की पूरी रात काली हो गयी। सबस्टेशन पर भी उपभोक्ताओं को सही जानकारी नहीं देने से विवाद की स्थितियां भी कई बार उत्पन्न हो गयी।

बताते चले कि अधिकांश सबस्टेशन के अभियंता अथवा एसएसओ क्षेत्र में होने वाले फाल्ट की सही जानकारी किसी को नहीं देते हैं। यही कारण है कि फाल्ट को ठीक करने में काफी समय लग जाता है। साथ ही उपभोक्ताओं को भी फाल्ट की सही जानकारी न होने के कारण विवाद की स्थितियां उत्पन्न हो जाती है। सबस्टेशन से छोटे फाल्ट होने की जानकारी तो दे दी जाती है परंतु बड़े फाल्ट को छुपा ले जाते हैं। सोमवार को भी पूरे शहर भर में महज 4 सबस्टेशनों पर ही फाल्ट होने की सूचना कंट्रोल रूम को दी गयी है, जबकि शहर भर में फाल्ट इससे कहीं अधिक होने की संभावना है।

## दुर्घटना में संविदा कर्मचारी की मौत पर मुआवजा की मांग

**कानपुर (एसएनबी)।** कल्याणपुर डिवीजन में संविदा पर कार्यरत कर्मचारी श्रीपाल राजपूत लाइन बनाने के दौरान घायल हो गये थे। उन्हें चांदनी नर्सिग होम में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। लाइनमैन की मौत के बाद संविदा कर्मचारी संगठन के महामंत्री दिनेश सिंह भोले ने केस्को प्रबंधन से पांच लाख रुपये मुआवजा की मांग की है। केस्को प्रबंधन ने मंगलवार को पोस्टमार्टम होने के बाद तय मुआवजा राशि प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

## आज यहां गुल रहेगी बिजली

**कानपुर (एसएनबी)।** मरम्मत कार्य के चलते मंगलवार को ओल्ड आरपीएच सबस्टेशन के तहत जीवन ज्योति फीडर की आपूर्ति सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक बाधित की जायेगी। यह जानकारी देते हुए केस्को प्रवक्ता ने बताया कि इसी प्रकार भैरोघाट सबस्टेशन के राजीव पेट्रोल पम्प फीडर की आपूर्ति भी सुबह 11 से 1 बजे तक बाधित रहेगी।

सीएसए सबस्टेशन के तहत बीमा चौराहा फीडर की आपूर्ति दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक बाधित की जायेगी। फूलबाग सबस्टेशन के तहत कैंट फीडर की आपूर्ति दोपहर 2 से 4 बजे तक बाधित की जायेगी। इसी तरह कोयला नगर सबस्टेशन के तहत गंगपुर फीडर की आपूर्ति सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक बाधित की जायेगी। इस कारण राम रतन नगर, गंगपुर, रघुनाथ पुरम, सेक्टर 5,6,7 स्वर्णजयंती विहार क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

## बिन बिजली पानी तक को तरसे लोग

**कानपुर (एसएनबी)।** रविवार रात हाईटेंशन लाइन पर पेड़ गिर जाने से सोमवार दिन तक हजारों लोगों को बिना बिजली के रहना पड़ा। सुबह के समय लोग बिजली न आने कारण पानी भी नहीं भर पाये। इससे पनकी ट्रांसमिशन सबस्टेशन से शास्त्री नगर, हार्समैन बाग केस्को सबस्टेशन की बिजली आपूर्ति रात भर ठप रही। इसके साथ ही 12 सबस्टेशनों में फाल्ट और शटडाउन से लाखों लोग परेशान हुए।



**ठप रही पनकी ट्रांसमिशन की सप्लाई**

बीते रविवार रात 11 से सुबह 10:55 तक शास्त्री नगर सबस्टेशन से बिजली आपूर्ति नहीं हो सकी। इसके साथ ही विजय नगर, शास्त्री नगर, सिंधी कॉलोनी, सेंट्रल पार्क का इलाका भी बिना बिजली के परेशान रहा। यहां छह घंट बिजली आने के बाद फिर से फॉल्ट हुआ और आपूर्ति देर शाम तक बहाल हो सकी। हैरिसगंज सबस्टेशन के रिंग रोड की बिजली भी जमुना देवी फीडर की लाइन पर पेड़ गिरने से बाधित रही। जाजमऊ के वाजिदपुर फीडर से फॉल्ट में होने से सुबह 11 बजे से साढ़े तीन बजे तक आपूर्ति बाधित रही। इसके अलावा बांसमंडी, सोहनलाल कंपाउंड, स्वर्ण जयंती विहार, विष्णुपुरी, सी ब्लॉक, पनकी, रूमा, गोविंद नगर में बिजली तीन से चार घंटे गुल रही। इसके साथ ही परमपुरवा की बिजली भी रविवार रात 11 बजे से सुबह आठ बजे तक बंद रही।

**K M SUGAR MILLS LIMITED**

CIN No.: L15421UP1971PLC003492,
Regd. Office: 11-Moti Bhavan, Collector Ganj, Kanpur-208001(U.P.)
Corp. Office: 78-Eldeco Green, Gomti Nagar, Lucknow-226010(U.P.)
E-mail:- cs@kmsugar.com Phone:- 0512-2310762, 0522-4079561

**NOTICE OF BOARD MEETING**

Pursuant to Regulation 29, 33 and Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations 2015, Notice is hereby given that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on **Monday, the 08th day of August, 2022** at 11.30 hrs (A.M) at Hotel Taj Mahal, Gomti Nagar Lucknow, to consider and approve the Un-Audited Standalone and Consolidated Financial Results of the Company for the quarter ended 30th June, 2022 inter-alia any other matter(s);

Further, pursuant to clause 4 of schedule B of code of conduct SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015 Trading Window has been closed for the Directors, Promoters, Officers and designated employees of the Company from 01st July, 2022 till 48 hours after the declaration of the financial Results of the company for the quarter ended 30th June 2022 i.e. 10th August, 2022 for dealing in the securities of the Company.

The said notice may be accessed on the Company's website at www.kmsugar.com and also on Stock Exchanges Website at www.bseindia.com and www.nseindia.com including Un-audited financial results for quarter ended 30th June, 2022 after the approval by the Board in the scheduled meeting.

By Order of the Board
For K M Sugar Mills Ltd.
Sd/-
Pooja Dua
Company Secretary cum Compliance Officer

Place: Lucknow
Dated: 25th July, 2022

## तिलक व माला पहनाकर बैद्यनाथ धाम रवाना किये गये कांवड़िये

**कानपुर (एसएनबी)।** बाबा बैद्यनाथ धाम कांवड़िया यात्रा सोमवार को सात बजे सीसामऊ बाजार से रवाना हुई। इस मौके पर कांवड़ियों का तिलक कर, माला पहनाकर व मुंह मीठा कराकर सम्मान के साथ यात्रा को रवाना किया गया। शहर के सीसामऊ बाजार से रवाना किये गये कांवड़ियों को पनकी मंदिर महंत कृष्ण दास महाराज, योगी अरुण पुरी महाराज ने कांवड़ियों का तिलक किया। कांवड़ियों की यात्रा सुल्तानगंज बिहार से बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर झारखंड तक 125 किमी तक की है। बाबा बैद्यनाथ कांवड़िया कमेटी के अध्यक्ष राहुल शर्मा, विकल्प तिवारी के नेतृत्व में कांवड़ियों को रवाना किया गया।

**PRESS NOTIFICATION**
**FORM GST DRC-10**
[See rule 144(2)]

Notice for Auction of Goods under section 79(1)(b) of the Act
Demand order no.: ZD0906220640095, Dated on: 27.06.2022, **Period- 2022-23**

Where as an order has been made by assistant commissioner commercial Tax Mobile Squad Unnao for sale of the attached or distrained goods specified in the schedule below for recovery of Rs. 297540.00 and interest thereon and admissible expenditure incurred on the recovery process in accordance with the provision of section79.

The sale will be by public auction and the goods shall be put up for sale in the lots specified in the schedule. The sale will be of the right, title and interests of the defaulter. And the liabilities and claims attached to the said properties, so far as they have been ascertained, ad those specified in the Schedule against each lot.

The auction will be held on 30/07/2022 at 11:00 am in the event the entire amount due is paid before the date of auction, the sale will be stopped.

The price of each lot shall be paid at the time of sale or as per the directions of the proper office/specified officer and in default of payment; the goods shall be again put up for auction and resold.

Schedule

| Serial No. | Description of goods | Quality |
|---|---|---|
| 01 | OLD IRON SCRAP | 7880.00 Kg. |

1. Only registered person is to be allowed to participate in auction.
2. Tax and penalty will be payable by R.C.M. basis by the successful bidder.
3. Bid security 10000.00 will be paid by each bidder.
4. All right are reserved to competent authority.
5. Auction will be held on 30/07/2022 at 11:00 am in the commercial tax office, Lakhanpur, Kanpur

Name: **Kumar Gaurav Singh**
Designation : Assistant Commissioner
Commercial Tax Mobile Squad Unnao

## हर बच्चा राम की तरह पराक्रमी हो : विहिप

**कानपुर (एसएनबी)।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप), कानपुर प्रांत के द्वारा संस्कारशालाओं के संचालन के लिये आचार्यो को त्रिदिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन विहिप के प्रांत संगठन मंत्री मधुराम ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हर हिन्दू बालक-बालिका में श्री राम जैसा पराक्रमी, मर्यादा, माता पिता की भक्ति, सामजिक समरसता के संस्कार जागृत हो। ताकि हर बच्चा राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान कर सकें।

**विहिप के त्रिदिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का दूसरा दिन**

विहिप ने दुर्गा भवन में त्रिदिवसीय प्रशिक्षण वर्ग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया था। जिसका सोमवार को दूसरा दिन था। प्रशिक्षण वर्ग में कानपुर प्रांत के सभी जिलों से आये आचार्य भाई-बहन, जो सेवा बस्तियों में जाकर पांच वर्ष से 15 वर्ष के बच्चों को संस्कारित करने के लिये संस्कारशालाओं का संचालन करेंगे। कार्यक्रम में विहिप के केन्द्रीय सह मंत्री आनन्द प्रकाश हरबोला, क्षेत्र सेवा प्रमुख राधे श्याम, प्रांत सेवा प्रमुख नरेन्द्र सिंह आये थे।

# परेड उपद्रव में गिरफ्तार निर्दोषों को रिहा करने की मांग

**कानपुर (एसएनबी)।** नगर के काजियान व दानिश वरान के एक प्रतिनिधिमंडल के सोमवार को पुलिस आयुक्त से भेंटकर उन्हें ज्ञापन दिया। प्रतिनिधि मंडल ने नगर वासियों से शहर में सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने लिए अपील के साथ ही पुलिस प्रशासन से कानपुर में हुए हंगामे में कार्रवाई के घेरे में आये निर्दोषों को शीघ्र रिहा किये जाने की मांग की है। ज्ञापन के जरिए भाजपा प्रवक्ता रहीं नूपुर शर्मा पर खेदजनक बयान देकर मुसलमानों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के मामले में उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की मांग भी रखी गई है।



पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौपते नगर के काजियान व दानिश वरान के पदाधिकारी।

**नगर के काजियान व दानिश वरान के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस आयुक्त से मिल दिया ज्ञापन**

पुलिस आयुक्त से मिले प्रतिनिधिमंडल में मौलाना साकिब अदीब मिस्बाही काजी शहर, हाफिज मामूर अजमद जमाई काजी शहर, मौलवी अब्दुल्लाह आजाद मजाहरी नायक काजी शहर, मौलाना मोहम्मद हाशिम अशरफी, मौलाना अब्दुल्लाह कासमी जनरल सेक्रेटरी जमीअत उल्मा कानपुर, मोहम्मद सुलेमान भाई (आईएनएल) मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, मौलाना हसीब अख्तर शाहिदी, कारी मोहम्मद सगीर आलम हबीबी, कारी अब्दुल मुतालिब कादरी व मौलाना असगर यार अल्वी शामिल थे।

प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से विगत 3 जून की घटना की निंदा करते हुए शहर वासियों से सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने की अपील की गई है। प्रतिनिधिमंडल ने 3 जून की घटना में छतों से नमाजियों पर पत्थरबाजी का आरोप लगाते हुए वीडियो फुटेज के आधार पर लोगों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की गई है। उनका कहना है कि उक्त घटना में एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए अब तक केवल मुसलमानों को दोषी मान उनकी गिरफ्तारियां की गई हैं व निर्दोष मुसलमानों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किये गये निर्दोष लोगों को रिहा करने के वादे के बाद भी अभी तक नहीं छोड़ा गया है। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस आयुक्त से न्यायोचित कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

## दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के लिए देने होंगे ऑनलाइन आवेदन

**कानपुर (एसएनबी)।** पात्र दिव्यांगों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने के लिए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने पात्रों से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। ट्राईसाइकिल वितरण में प्रथम आवत प्रथम पावत के आधार पर दिव्यांगों को लाभान्वित किया जायेगा। यह जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कोमिल द्विवेदी ने दी है।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि पात्र दिव्यांगों को निःशुल्क ट्राईसाइकिल प्राप्त करने के लिए सीएमओ द्वारा 80 प्रतिशत या उससे अधिक का दिव्यांगता का प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। साथ ही हाथों से ट्राईसाइकिल का संचालन करने में सक्षम हो तथा उसकी आयु 16 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। दिव्यांग के परिवार की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके लिए तहसील का आय प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। इसके अलावा पूर्व में किसी भी योजना अथवा अन्य स्त्रोतों से पात्र ने ट्राईसाइकिल प्राप्त न की हो।

उन्होंने दिव्यांगों से अपील की कि आवेदन के साथ सभी अभिलेख ऑनलाइन वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप में भरकर तत्काल आवेदन करें, ताकि उन्हें नियमानुसार योजना का लाभ मिल सके। इस योजना में छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता दी जायेगी।

**PRESS NOTIFICATION**
**FORM GST DRC-10**
[See rule 144(2)]

Notice for Auction of Goods under section 79(1)(b) of the Act
Demand order no.: ZD0905220581877, Dated on: 22.05.2022, **Period- 2022-23**

Where as an order has been made by assistant commissioner commercial Tax Mobile Squad Unnao for sale of the attached or distrained goods specified in the schedule below for recovery of Rs. 58649.00 and interest thereon and admissible expenditure incurred on the recovery process in accordance with the provision of section79.

The sale will be by public auction and the goods shall be put up for sale in the lots specified in the schedule. The sale will be of the right, title and interests of the defaulter. And the liabilities and claims attached to the said properties, so far as they have been ascertained, ad those specified in the Schedule against each lot.

The auction will be held on 30/07/2022 at 11:00 am in the event the entire amount due is paid before the date of auction, the sale will be stopped.

The price of each lot shall be paid at the time of sale or as per the directions of the proper office/specified officer and in default of payment; the goods shall be again put up for auction and resold.

Schedule

| Serial No. | Description of goods | Quality |
|---|---|---|
| 01 | SS FLAT | 68.400 Kg. |
| 02 | SS SHEET COIL | 62.800 Kg. |

1. Only registered person is to be allowed to participate in auction.
2. Tax and penalty will be payable by R.C.M. basis by the successful bidder.
3. Bid security 10000.00 will be paid by each bidder.
4. All right are reserved to competent authority.
5. Auction will be held on 30/07/2022 at 11:00 am in the commercial tax office, Lakhanpur, Kanpur

Name: **Kumar Gaurav Singh**
Designation : Assistant Commissioner
Commercial Tax Mobile Squad Unnao

# गवाह को धमका रहे थे दुष्कर्म के आरोपी, रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर (एसएनबी)।** रावतपुर थाने में दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के आरोपियों पर गवाह को धमकाने का मुकदमा पीड़िता की मां ने संयुक्त पुलिस कमिश्नर के हस्तक्षेप के बाद दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि केस की तारीख के समय आरोपियों ने गवाह को धमकाया था, जिससे वह दहशत में हैं। इसके बाद वह शिकायत लेकर थाने और अन्य अधिकारियों के पास गयी, लेकिन कोई सुनवायी नहीं हुई। आरोपी खुद को दुर्दांत विकास दुबे से घरेलू सम्बंध होने का दावा करके क्षेत्र में दहशत फैलाते थे। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

**केस की तारीख के समय गवाह को दी धमकी**

**पीड़िता की मां ने थाने में शिकायत की तो सुनवायी नहीं हुई**

रावतपुर थाना क्षेत्र के कच्ची बस्ती काकादेव में रहने वाली एक महिला ने संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी को बताया कि क्षेत्र की बेबी देशराज, सोनू और मोनू के खिलाफ बेटी से छेड़खानी और अश्लीलता करने पर पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया था। उस मुकदमे में राजेन्द्री गवाह है। मुकदमे की 4 अक्टूबर 2021 को कोर्ट में तारीख थी, जिसमें वह और राजेन्द्री गये थे। वहां पर आरोपियों ने राजेन्द्री को धमकी दी कि वह गवाही न दे और अगर उसने गवाही दी तो उसका जान से मार दिया जायेगा। आरोपी बेबी ने धमकी दी कि उसका मायका बिकरू में है और विकास दुबे से उसके घरेलू सम्बंध रहे हैं, उसके गिरोह के लोग अभी भी सम्पर्क में हैं, अगर बात नहीं मानी तो पता नहीं चलेगा कि कहां गये। आरोपियों की इस धमकी से राजेन्द्री काफी डर गयी और वह गवाही न देने के लिए कह रही है। वह मामले की शिकायत लेकर तत्कालीन कल्याणपुर थाने और अधिकारियों के पास गयी, लेकिन कोई सुनवायी नहीं हुई। पीड़िता ने गुहार लगायी कि अगर मामले में गवाही नहीं हुई तो उसका मामला कमजोर पड़ जायेगा और आरोपियों को लाभ मिल जायेगा। महिला की शिकायत पर जेपीसी ने रावतपुर पुलिस को मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई के आदेश दिये। रावतपुर पुलिस ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

# डायरिया हो तो बच्चों को पहले ओआरएस घोल दें

**कानपुर (एसएनबी)।** भारतीय बाल रोग अकादमी 25 से 31 जुलाई तक विश्व ओआरएस सप्ताह का आयोजन करता है। जिसके तहत डायरिया के इलाज में ओआरएस के महत्व को प्रतिपादित करने के लिये नगर में विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी सोमवार को शास्त्री नगर स्थित भारती मेडीकेयर में आयोजित पत्रकार वार्ता में बाल रोग अकादमी के अध्यक्ष डॉ. अनुराग भारती, सचिव डॉ. सुबोध बाजपेयी और वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. जेके गुप्ता आदि ने दी।

डॉ. अनुराग भारती ने बताया कि विश्व में वर्तमान समय में बारह लाख बच्चे डायरिया से मरते हैं। अकेले भारत में ही पांच लाख बच्चे डायरिया के कारण मृत्यु का शिकार होते हैं। देश में डायरिया से मरने वाले प्रत्येक चार बच्चों में एक बच्चा उत्तर प्रदेश का होता है। डायरिया से मृत्यु का एक मात्र कारण है शरीर में होने वाली पानी की कमी जिसको डब्लूएचओ ओआरएस जीवन रक्षक घोल पूरा करता है। बच्चों में 60-80 प्रतिशत वायरस ही डायरिया का कारण होता है, जिस पर एन्टीबायोटिक का कोई असर नहीं होता। इसका एक मात्र इलाज ओआरएस ही है।



भारतीय बाल रोग अकादमी द्वारा विश्व ओआरएस सप्ताह की जानकारी देते डा. अनुराग भारती, डा. जेके गुप्ता व डा. सुबोध बाजपेई। फोटो : एसएनबी

**ओआरएस सप्ताह शुरू**

**जिंक के साथ देने से भविष्य में नहीं होता डायरिया**

वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. जेके गुप्ता ने बताया कि ओआरएस अकेले ही 95-97 प्रतिशत तक डायरिया के मरीजों का सफलतापूर्वक पुनर्जलीकरण कर सकता है। यह पहले दस्त से शुरू किया जाये। उन्होंने बताया कि डब्लूएचओ ओआरएस अस्पताल में भर्ती होने की दर से 50 प्रतिशत तक की कमी, अस्पताल में मृत्युदर में 50-60 प्रतिशत तक ही कमी एवं बीमारी के खर्चे में 90 प्रतिशत तक की कमी लायी जा सकती है। विडंबना है कि आज भी 27 प्रतिशत मातायें ही डायरिया होने पर ओआरएस देती हैं। जबकि 68 प्रतिशत मातायें बच्चों को एंटीबायोटिक देती हैं। डॉ. सुबोध बाजपेयी ने बताया कि डायरिया होने पर 14 दिनों तक जिंक देने से डायरिया जल्दी ठीक होता है और भविष्य में दोबारा नहीं होता है। बोतल से बच्चों को दूध न पिलायें, बाजार की खुली खाद्य सामग्री बच्चों को कतई न दें। वार्ता में डॉ. आशीष विश्वास आदि भी रहे।

